# 4 टिक टिक टिक

पम्पोश और शाज़िया बातें कर रहे थे कि उनमें से किसका घर ज़्यादा दूर है।











© NCERT not to be republished





**अभ्यास**


1. यहाँ दिया गया है कि तीन दोस्त किस तरह घड़ी में समय देखते हैं। बताओ कौन ठीक है?

| | चीकू | बिट्टू | पिंकी |
|---|---|---|---|
|  | 12:03 | 12:15 | 3:00 |
|  | 7:25 | 5:07 | 5:35 |
|  | 3:35 | 7:03 | 7:15 |


2. नीचे लिखे समय को घड़ी में दिखाओ –




3:10




6:40



4:45



2:20




3:15




7:35

क्या तुम्हें आसमान को देखना अच्छा लगता है? यदि हाँ, तो तुम्हें इसमें बहुत मज़ा आएगा –




(क) तुम्हारे यहाँ सूरज किस समय निकलता है? ________



(ख) सूर्यास्त किस समय होता है? ________

क्या हर दिन सूर्योदय और सूर्यास्त का समय एक जैसा रहता है?



अखबार को देखो और उसमें देखो कि अलग-अलग महीनों में सूर्योदय कब होता है और सूर्यास्त कब होता है।

© NCERT not to be republished

फोटो को देखो और अंदाज़ा लगाओ कि इस जगह पर क्या समय हुआ होगा।




यह फ्रांस के पेरिस शहर की किसी जगह की फोटो है। इस जगह गर्मियों में सूरज रात के नौ बजे के बाद अस्त होता है। ऊपर बनी फोटो रात के वक्त खींची गई है! लेकिन सर्दियों में यहाँ शाम 4 बजे ही अंधेरा हो जाता है।

3. ***पता करो –***

* पहली घड़ी में दिखाए गए समय से दूसरी घड़ी में दिखाए गए समय तक पहुँचने में मिनट की सुई को सरकने में कितना वक्त लगेगा –

 से 

 से 


 से 

 से 


© NCERT not to be republished

* घंटे और मिनट की सुई कहाँ होगी बनाओ –


(क) 6 बजकर 20 मिनट पर




(ग) 7 बजकर 10 मिनट पर



(ख) 8 बजकर 30 मिनट पर



(घ) 5 बजकर 15 मिनट पर



* तुम्हारे स्कूल की प्रार्थना सभा में कितना समय लगता है? ________________

आधी छुट्टी कितनी लंबी होती है?

____________________

खेल का पीरियड कितना लंबा होता है? _______________

क्या यह बाकी पीरियडों जितना लंबा होता है? ___________








© NCERT not to be republished

* नीचे लिखे कार्यों को पूरा होने में कितना समय लगेगा? पहले अंदाज़ा लगाओ, अपने अंदाज़े को फिर घर पर जाँचो।



1 लिटर दूध उबालने में ____________



एक बाल्टी पानी भरने में ____________



अपना कमरा साफ़ करने में ____________



**करके देखो –**

* तुम एक मिनट में कितनी बार यह कर सकते हो –

(क) चुटकी बजाना ____________

(ख) रस्सी कूदना ____________

(ग) ऊपर-नीचे कूदना ____________

(घ) ____________ ____________

कुछ और ऐसे मज़ेदार खेल सोचो और खाली जगह में भरो।

* तुम्हारे लिए एक चुनौती है।

तुम कितनी देर तक यह कर सकते हो –

(क) बिना रुके बोलना ____________

(ख) एक टाँग पर खड़े होना ____________

(ग) 'आऽऽ..आऽऽ...' बिना रुके गाना ____________




* तुम्हें इनमें कितना समय लगेगा –

(क) 50 मीटर की दौड़ में ____________

(ख) मैदान से 50 कंकड़ चुनने में ____________

(ग) 1 से 100 तक गिनने में ____________




© NCERT not to be republished

* एक बार फिर घड़ी को देखो और पता करो –

(क) मिनट की सुई '2' से चली। उसे दुबारा '2' तक आने में कितने मिनट लगेंगे?

________________

(ख) क्या घंटे की सुई भी घूमती है? उसे एक संख्या से दूसरी संख्या पर पहुँचने में कितना समय लगेगा?

(ग) अपने आसपास देखो और उन कार्यों की सूची बनाओ जिन्हें पूरा होने में लगभग एक घंटा लगता हो।

1. ________________

2. ________________

3. ________________

4. ________________

5. ________________



घर में रात का खाना बनने में कितना समय लगता है?

एक घंटे से ज़्यादा/
एक घंटे से कम

अपने पिताजी से पूछो कि क्या वे भी खाना उतनी ही जल्दी बना सकते हैं जितनी जल्दी तुम्हारी माँ बनाती है। हाँ / ना



कौन–से खेल एक घंटे से कम समय में पूरे हो जाते हैं? ______________________________

एक फुटबॉल मैच कितने समय का होता है?


बच्चे ऐसी सभी चीज़ों को जिन्हें वे एक मिनट में कर सकते हैं देखने के लिए उन्हें स्वयं करके आनंद लेंगे। घर पर काम होते हुए देखना, उन्हें समय का अनुभव और दूसरों के प्रयास को आदर करने में भी सहायता करेगा।

© NCERT not to be republished




© NCERT not to be republished

यहाँ रानी की डायरी के पन्ने हैं –




मुनिया की 'समय-रेखा' में इन्हें सही क्रम में लिखो।

5/3/05

पैदा हुई

* मुनिया का पहला दाँत सितंबर में निकला। तब वह कितने महीने की थी?

  मार्च से सितंबर तक कितने महीने बीत गए? ______________

* मुनिया कितनी बड़ी थी, जब

  (क) वह बैठी ______________

  (ख) उसका पहला दाँत निकला ______________



* उसने पहले क्या किया –

  (क) चलना या केला खाना।

  (ख) घुटनों के बल चलना या खड़े होना।

© NCERT not to be republished

रानी के यहाँ एक लाडला पिल्ला था। दो सप्ताह के बाद उसने आँखें खोलीं। रानी ने पिल्ले को इस प्रकार बढ़ते हुए देखा –



3 सप्ताह में उसके खाने के दाँत निकले और उसने खाना शुरू किया।



4 सप्ताह बाद उसने आसपास चलना शुरू किया पर डगमगाते हुए।



7 महीने में उसके सारे दाँत आ चुके थे।



एक साल बाद वह एक पूरी कुतिया थी और उसके अपने पिल्ले थे।

* अब अपनी कॉपी में कुतिया के जीवन की 'समय-रेखा' बनाओ।
* मुनिया और रानी के पिल्ले के बारे में नीचे लिखी गई बातों की तुलना करो –

| | मुनिया (आयु) | पिल्ला (आयु) |
|---|---|---|
| 1. चलना शुरू किया | | |
| 2. पहली बार खाना खाया | | |
| 3. शुरुआती दाँत निकले | | |

© NCERT not to be republished

### *पता करो*


क्या सभी जंतु एक बराबर तेजी से बड़े होते हैं?

उनके बढ़ते जाने के बारे में बातचीत करो –

* मुर्गी  * गाय  * चिड़िया



एक नन्हे जंतु और बढ़े हुए जंतु का चित्र बनाओ। यहाँ पर चित्र खिंचवाने के लिए तैयार दादाजी के चित्र हैं। तुम्हें कौन सबसे ज़्यादा बूढ़ा दिखता है?



**अप्पू हाथी के दादाजी ( 95 वर्षीय )**



**चूँचूँ चूहे के दादाजी ( 2 वर्षीय )**



**रानी के दादाजी ( 70 वर्षीय )**

* अप्पू के दादाजी रानी के दादाजी से कितने बड़े हैं?

______________________________________________

* क्या चूँचूँ के दादाजी कभी अप्पू के दादाजी जितने बड़े होंगे?

______________________________________________

* चूँचूँ चूहे के दादाजी रानी के दादाजी से कितने छोटे हैं?

______________________________________________

यहाँ बच्चों और शिक्षकों के लिए अलग-अलग जंतुओं की जीवन अवधि और बढ़ने के तरीके मालूम करने का एक अच्छा मौका है। इसका अभिप्राय इस प्रकार की जानकारी को बिना याद किए हुए, तुलना और विचार-विमर्श करने के लिए उपयोग करना है।

© NCERT not to be republished

## छुट्टियों में मौज़मस्ती

आतिफ़ की छुट्टियाँ शुरू हो गई हैं। वह बहुत खुश है। उसने छुट्टियों के लिए कुछ मज़ेदार योजनाएँ बनाई हैं जिन्हें वह अपनी चचेरी बहन शबाना को बताना चाहता है। इसलिए उसने शबाना को एक पत्र लिखा –

अजमेर
1/5/06

प्यारी शबाना आपा

आदाब!

आप कैसी हैं? मैं यहाँ ठीक हूँ। आपा, आज से मेरी छुट्टियाँ शुरू हो गई हैं। स्कूल अब 30/6/06 को खुलेंगे। मैं 5/5/06 को नानी के घर जा रहा हूँ। मैं 20/5/06 को वापस आऊँगा। आपके स्कूल कब बंद होंगे? आप यहाँ क्यों नहीं आ जातीं? हम मिलकर खूब मौज करेंगे।



खुदा हाफ़िज़!

आतिफ़

शबाना को, जो नागपुर में रहती है, यह पत्र 6/5/06 को मिला। उसने आतिफ़ को जवाब भेजा –

नागपुर
7/5/06



प्यारे आतिफ़

सलाम!

मैं यहाँ ठीक हूँ। मुझे कल तुम्हारा पत्र मिला। छुट्टियाँ मुबारक। मेरा स्कूल 1 जून 2006 को बंद होगा और 10 अगस्त को खुलेगा। मैं स्कूल ट्रिप पर गोआ जा रही हूँ और 7/06/06 को वापस आऊँगी। उसके बाद मैं अजमेर आने की कोशिश करूँगी।

अलविदा

शबाना

आतिफ़ ने अपना पत्र 1/5/06 को लिखा। क्या तुम पत्र की तारीख पढ़ना जानते हो?

1/5/06 का मतलब हुआ – 1 मई 2006

© NCERT not to be republished

अब नीचे लिखी तिथियाँ बताओ –

| | |
|---|---|
| 5/5/06 | 5 मई 2006 |
| 20/5/06 | ________________ |
| 7/6/06 | ________________ |
| 1/1/07 | ________________ |



नीचे लिखी तिथियों को अंकों में लिखो।

| | |
|---|---|
| 1 जून 2006 | ________________ |
| 30 मई 2006 | ________________ |
| 10 अगस्त 2007 | ________________ |

* पत्र को अजमेर से नागपुर पहुँचने में कितना समय लगा? ____________

* आतिफ़ अपनी नानी के घर कितने दिन रहेगा? ________

* नीचे लिखी तालिका पूरी करो –




| | तारीख से | तक | दिनों की संख्या |
|---|---|---|---|
| शबाना की छुट्टियाँ | | | |
| आतिफ की छुट्टियाँ | | | |

किसकी छुट्टियाँ ज़्यादा हैं – शबाना की या आतिफ़ की?

* तुम्हारे स्कूल में और कौन-सी लंबी छुट्टियाँ होती हैं? उन सबकी तिथियों के बारे में लिखो –

| | तारीख से | तक | दिनों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. गर्मी की छुट्टियाँ | ________ | ________ | ________ |
| 2. शरदकालीन छुट्टियाँ | ________ | ________ | ________ |
| 3. सर्दी की छुट्टियाँ | ________ | ________ | ________ |
| 4. वार्षिक परीक्षा के बाद की छुट्टियाँ | ________ | ________ | ________ |

© NCERT not to be republished

15 मई 2006 को चंद्रन मक्खन खरीदने एक दुकान में गया। उसने मक्खन के पैकेट को अच्छी तरह जाँचा परखा और देखा कि मक्खन खाने लायक है या नहीं।

उस पैकेट पर लिखा था – पैकिंग की तिथि से 180 दिनों के भीतर खा लिया जाए।

फिर उसने पैकिंग की तिथि देखी। वह थी – 15/01/06



तुम उसकी यह पता लगाने में मदद करो कि उसे मक्खन खरीदना चाहिए या नहीं।

– मक्खन को किस महीने में पैक किया गया था? ________
– 15/01/06 के 180 दिन बाद को कौन-सी तिथि होगी? ________
– क्या चंद्रन 15 मई 2006 को मक्खन खा सकता है? ________

जब तुम कुछ चीज़ खरीदते हो तो पैकिंग की तिथि देखते हो?

क्या तुमने दवाइयों पर **अवधि समाप्त होने की तिथि** लिखी देखी है।

समाप्ति की तिथि यह बताती है कि किस तिथि के बाद दवाई लेना हानिकारक हो सकता है।

### *पता करो*

* और कौन-कौन सी चीज़ें काल-अवधि (समाप्ति तिथियों) के साथ आती हैं?

खाँसी के सिरप की बोतल पर लिखा था –



उत्पादन तिथि 07/03
इससे पता चलता है कि दवाई जुलाई 2003 में बनाई गई।

समाप्ति तिथि 07/05


इससे पता चलता है कि दवाई कौन-से महीने और साल तक पीना सुरक्षित है? किस महीने और साल को 07/05 लिखा जाता है। क्या खाँसी के सिरप को सितंबर 2005 में लेना सुरक्षित होगा? ____________

© NCERT not to be republished

बच्चों से यह उम्मीद नहीं करनी चाहिए कि वह इस स्तर पर 'उत्पादन तिथि' तथा 'समाप्ति तिथि' जैसे शब्दों को जानें बल्कि उनमें इनके प्रति जिज्ञासा उत्पन्न करनी चाहिए कि जो दवा वह प्रयोग कर रहा है उसे लेना कब तक सुरक्षित है। शिक्षकों को हमेशा छात्रों को उत्साहित करना चाहिए कि वे अलग-अलग वस्तुओं में अंकित इन तिथियों को पढ़ें।

## तुतुन की रेल छूट गई

तुतुन का स्कूल गर्मियों की छुट्टियों के लिए बंद हो गया। वह अपनी नानी के घर गया। वहाँ वह अपने चचेरे भाई–बहनों से मिला। उसे बहुत मज़ा आ रहा था और वह वापस घर नहीं जाना चाह रहा था।





तुतुन अपने माता–पिता के साथ 5:15 पर स्टेशन पहुँचा। पर सोचो क्या हुआ होगा? उनकी रेलगाड़ी सचमुच छूट गई।




क्या तुम सोच सकते हो कि उनकी गाड़ी क्यों छूटी?


असल में गाड़ी सुबह 5:30 पर चल दी थी। तुतुन के माता–पिता परेशान थे। उन्होंने स्टेशन मास्टर से कहा –




| तुम्हारी घड़ी के अनुसार समय (12 घंटे की घड़ी) | 24 घंटे की घड़ी के अनुसार समय |
|---|---|
| दोपहर 1 बजे | 13:00 घंटे |
| दोपहर 2 बजे | 14:00 घंटे |
| दोपहर 3 बजे | |
| दोपहर 3:30 बजे | 15:30 घंटे |
| शाम के 6 बजे | |
| शाम के 9 बजे | |
| मध्यरात्रि 12 बजे | |

© NCERT not to be republished





मान लो कि गाड़ी रात 8:30 पर छूटती है। तो रेलवे टिकट पर क्या समय लिखा होगा –

________________




तुमने सूरज के उगने और डूबने का समय जरूर देखा होगा।
उसी समय को a.m. और p.m. का प्रयोग करते हुए लिखो।



| | |
|---|---|
| सूर्योदय | |
| सूर्यास्त | |

24 घंटे वाली घड़ी को तुमने कहाँ-कहाँ प्रयोग में आते देखा है?

1. ________________
2. ________________
3. ________________



© NCERT not to be republished